केंद्रीय विद्यालय क्र.2 कोरबा, एन.टी.पी.सी.
Kendriya Vidyalaya No.2 Korba, N.T.P.C.
पो.आ. - जमनीपाली / P.O.- Jamnipali – 495450
जिला - कोरबा (छ.ग.) / District – Korba (C.G.)
Website: htpps://no2korba.kvs.ac.in, E-mail ID : ntpckv@gmail.com
Tel : 07759-232669, 293416 (Principal), 07759293616 (Office)
[REGIONAL OFFICE : K.V.S. (RO) RAIPUR (C.G.)]
CBSE Affiliation No.:3300005, School No.19042, U-Dise Code:22050903403

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Ref.No. F. Admission/ 2026-27/ 108 **Date: 20-5-2026**

प्रवेश सूचना (द्वितीय सूचना)

प्रति,
विभागाध्यक्ष
समस्त एन0टी0पी0सी0 / केन्द्रीय शासन /
केन्द्रीय स्वायत्त निकाय के अधिकारी / कर्मचारी
कोरबा।

विषय– सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 10वी व 12वी मे सीधे प्रवेश बावत् सूचना।

महोदय,

सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 10वी एवं कक्षा 12वी (विज्ञान व वाणिज्य संकाय) मे कुछ स्थान रिक्त है। इच्छुक अभिभावक (एन0टी0पी0सी0 के नियमित अधिकारी / कर्मचारी, केन्द्रीय शासन तथा केन्द्र शासन के स्वायत्त निकाय के नियमित अधिकारी / कर्मचारी) दिनांक 20.5.2026 से 30.5.2026 (प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे) तक विद्यालय से पंजीयन प्रपत्र प्राप्त कर निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ दिनांक 31.5.2026 सायं 4.00 बजे तक विद्यालय मे जमा करे। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी प्रवेश निर्देशिका 2026–27 के सेवा श्रेणी की प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार किये जावेगे। आपसे निवेदन है कि अपने अधीनस्थ सभी अधिकारी / कर्मचारियों को प्रवेश सूचना की जानकारी देने का कष्ट करे। प्रवेश हेतु शर्ते–

9. कक्षा 10वीं तथा 12वीं में नए प्रवेश :

केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं में नए प्रवेश प्रदान करने के मामलों पर रिक्त स्थान होने पर ही विचार किया जाएगा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में ऐसे प्रवेश के मामलों पर संबंधित केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य द्वारा केवल तब ही विचार किया जाएगा जब इन कक्षाओं में विद्यार्थियों की औसत संख्या 40 से कम हो। ऐसे मामलों में प्रवेश के लिए पात्रता की निम्न शर्तें भी लागू होंगी:

(i) बच्चे ने सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय से उसी पाठ्यक्रम का अध्ययन किया हो।
(ii) कक्षा 10वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 09वीं की परीक्षा में कम से कम 55% अंक होने चाहिए।
(iii) कक्षा 12वीं में प्रवेश के लिए 11वी की परीक्षा में कम से कम 55% अंक होने अनिवार्य है।
(iv) विद्यार्थी केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा-निर्देशों के अनुसार हर प्रकार से पात्र होना चाहिए।
(v) विद्यार्थी द्वारा चयन किए जाने वाले विषयों का संयोजन संबंधित केन्द्रीय विद्यालय में उपलब्ध हो।
(vi) **यह नए प्रवेश केवल सिविल/रक्षा क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय में प्राथमिकता श्रेणी I और II के लिए एवं परियोजना/उच्चतर शिक्षा संस्थान क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय में प्राथमिकता श्रेणी I से III के लिए ही होंगे।**

(एस0के0 साहू) 20/5/26
प्राचार्य

प्राचार्य / PRINCIPAL,
केन्द्रीय विद्यालय, एन.टी.पी.सी.
KENDRIYA VIDYALAYA, N.T.P.C
जमनीपाली, कोरबा (छ. ग.) 495 450
JAMNIPALI, KORBA (C. G.) 495 450